# दृष्टि



# The Vision

# SSMV Bulletin

"नैक मूल्यांकित"

## श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय (पी.जी.)

(चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध)

रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर, जिला–बुलन्दशहर

Website : www.ssmvcllg.com, Email : skr.ssmvcollege5@gmail.com

Phone : 09258321276, 09258321279, 09258321278

प्रकाशन वर्ष –2018 | अवधि : अक्टूबर–दिसम्बर | अंक – 2


## संदेश



प्रभात कुमार गुप्ता
प्रधानाचार्य
सूरजभान सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज,
शिकारपुर, बुलन्दशहर

शुभकामना

श्रीमान प्रदीप कुमार शर्मा जी

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष का अनुभव हुआ कि महाविद्यालय त्रैमासिक पत्र "दृष्टि" का प्रकाशन हो रहा है। महाविद्यालय में जहाँ बालक व्यक्तित्व व नेतृत्व तैयार होता वही पर इस त्रैमासिक पत्र से बालक के कृतित्व का विकास होता है।

आपके महाविद्यालय का यह पत्र "दृष्टि" बालकों को कृति युक्त बनायेगा अतः द्वितीय अंक के प्रकाशन पर बधाई।

प्रभात कुमार गुप्ता
जिला समन्वयक
विद्या भारती, खुर्जा

## सम्पादकीय



प्रिय पाठक,

एक अध्यापक कक्षा में घुसे और विद्यार्थियों से कहा कि आज उनकी आकस्मिक परीक्षा है। इसके बाद उन्होंने हैरान परेशान विद्यार्थियों को एक कागज दिया तथा उनसे कहा कि इस कागज को देखकर जो उनके मन में आये वह लिख दें।

विद्यार्थियों ने देखा कि कागज पूरी तरह खाली था तथा मध्य में एक काला बिन्दु अंकित था। हैरान विद्यार्थियों ने लिखना शुरू किया। जब निर्धारित समय खत्म हुआ और अध्यापक ने एकत्रित उत्तरों को देखा तो पाया कि सबने कागज पर अंकित काले बिंदु के सम्बन्ध में अपने विचार लिखे थे। इस पर अध्यापक ने कहा कि आप सबने कागज पर अंकित बिंदु के सम्बन्ध में लिखा परन्तु उस बिंदु के अतिरिक्त कागज का जो बहुत बड़ा हिस्सा सफेद था उसके बारे में नहीं। इसी प्रकार हम अपने जीवन में भी उपलब्ध खुशियों तथा ईश्वर की कृपा के सम्बन्ध में नहीं सोचते बल्कि प्राप्त दुःखों तथा परेशानियों की ही चिंता करते रहते है। अगर हम तुलना करें तो हमें प्राप्त खुशियों की संख्या हमेशा दुःखों और परेशानियों से अधिक ही होती है। अतः हमें केवल अपने जीवन को देखने का नजरिया बदलने की आवश्यकता है।

इसी प्रकार सभी के द्वारा स्वयं के जीवन को देखने की "दृष्टि" बदलने की आकांक्षा तथा न्यूज लैटर को और अधिक उपयोगी तथा प्रभावशाली बनाने हेतु आपके अमूल्य सुझावों की प्रतीक्षा के साथ "दृष्टि" न्यूज लैटर का द्वितीय अंक आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

प्रदीप कुमार शर्मा
पुस्तकालयाध्यक्ष / संपादक


## सम्पादक मण्डल



डॉ0 अशोक कुमार शर्मा
मुख्य संपादक
प्राचार्य



गजेन्द्र पाल सिंह
सह संपादक
प्राध्यापक, शिक्षा



अभिनव राना
सह संपादक
सहा0 पुस्तकालयाध्यक्ष



साक्षी गर्ग
सह संपादक
प्राध्यापक, गणित



अनुज सिंह चौहान
तकनीकी सहायक
कार्यालय सहायक



## गाँधी व शास्त्री जयंती



दिनांक 2 अक्टूबर 2018 को महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 के0 सी0 गौड, विभागाध्यक्ष, शिक्षा संकाय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 सुनीता गौड़ प्राध्यापक, शिक्षा संकाय डी0पी0बी0एस0 डिग्री कॉलिज अनूपशहर रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक मित्तल, प्रबन्धक श्री प्रमोद मित्तल, प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा, प्राध्यापकों व छात्र–छात्राओं द्वारा दोनों महापुरूषों के जीवन से सम्बन्धित विभिन्न पहलूओं पर अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डा0 कुलदीप चौहान रहे व संचालिका, प्राध्यापिका पल्लवी शर्मा रही।

दिनांक 2 अक्टूबर को ही राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत लगभग 100 स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें प्रबंध समिति, अतिथिगण तथा प्राध्यापकगण ने भाग लिया। साथ ही सहभोज का भी आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्राध्यापक डा0 राजकुमार सिंह रहे।

## वैलकम पार्टी

दिनांक 6 अक्टूबर 2018 को रसायन विज्ञान विभाग में एम0एस0सी0 द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एम0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को वैलकम पार्टी दी गयी। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रबन्धक डा0 प्रमोद मित्तल तथा विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डा0 अशोक शर्मा रहे। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापक श्री के0पी0 शर्मा, डा0 नीरज कुमार, डा0 कुष्मेन्द्र सिंह, डा0 कुलदीप सिंह, कु0 मीनाक्षी शर्मा तथा वनस्पति विज्ञान विभाग से प्राध्यापिका कु0 रेशू भारद्वाज तथा कु0 अंकिता भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## कढाई प्रतियोगिता

दिनांक 23 अक्टूबर 2018 को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा कढाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गृह विज्ञान की छात्राओं द्वारा अपनी कला का रचनात्मक तरीके से प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा सारिका, द्वितीय स्थान पर काजल तथा तृतीय स्थान पर मोनिका रहीं। निर्णायक मण्डल में प्राध्यापिका डा0 हेमा राघव, सुश्री निधि गुप्ता व सुश्री दीपिका सिंह रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन और संयोजन प्राध्यापिका श्रीमती वंदना सिंह और सुश्री अंजली गर्ग ने किया।

## सेमीनार

दिनांक 23 अक्टूबर 2018 को रसायन विज्ञान विभाग में एक सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें परास्नातक तथा स्नातक विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर पॉवर पाइन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापक श्री के0 पी0 शर्मा रहे। इस अवसर पर प्राध्यापक डा0 नीरज कुमार, डा0 कुष्मेन्द्र सिंह, डा0 कुलदीप सिंह, कु0 मीनाक्षी शर्मा उपस्थित रहे। सेमीनार में उपस्थित प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विचारों को देखकर उनका मार्गदर्शन व उत्साहवर्द्धन किया गया।

## कम्प्यूटर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



दिनांक 24 अक्टूबर 2018 को कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0सी0ए0 प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में बी0सी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्रों, रजत शर्मा ने प्रथम तथा योगेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त प्रतियोगिता के संयोजक प्राध्यापक श्री संभव सिंघल व श्री पुष्पेन्द्र सिंह रहे। इस अवसर पर विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## सेमीनार

दिनांक 29 अक्टूबर 2018 को जंतु विज्ञान विभाग में एक सेमीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय "Human Health & Diseases" रहा। सेमीनार में प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों द्वारा उपरोक्त विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका सुश्री रेशू भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा० अशोक कुमार शर्मा, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान तथा रसायन विज्ञान विभागों के सभी प्राध्यापक तथा बी०एस०सी० प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक व संचालक प्राध्यापक श्री यतन शर्मा व सह संयोजक प्राध्यापिका पल्लवी शर्मा रहे।

## सरदार पटेल जयंती

दिनांक 31 अक्टूबर 2018 को महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा, प्राध्यापक श्री जी0पी0सिंह, श्री यतन शर्मा तथा अन्य विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन के विभिन्न पहलूओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक श्री धीरज कुमार तथा संचालक श्री राहुल भारद्वाज रहे।

## सेमीनार

दिनांक 2 नवम्बर 2018 को जंतुविज्ञान विभाग में एक सेमीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय "Food & Food Components" रहा। सेमीनार में प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों द्वारा उपरोक्त विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका सुश्री रेशू भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अशोक कुमार शर्मा जंतुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान तथा रसायन विज्ञान विभागों के सभी प्राध्यापक तथा बी०एस०सी० प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक श्री यतन शर्मा व सह संयोजक प्राध्यापिका पल्लवी शर्मा रहे तथा संचालन बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष (बायो0) की छात्रा दृष्टि सिंह ने किया।

## सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला

महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में बी0एड0 पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में अध्यापन सम्बन्धी कौशल विकास के लिये सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 29 अक्टूबर 2018 से 3 नवम्बर 2018 तक किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के प्राध्यापक श्री जी0पी0 सिंह ने सूक्ष्म शिक्षण के महत्व, उपयोगिता एवं सम्बन्धित तकनीकों, विधियों तथा प्रविधियों को स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन सूक्ष्म शिक्षण के संयोजक प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी ने किया।

## रंगोली प्रतियोगिता

दिनांक 3 नवम्बर 2018 को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गृह विज्ञान की छात्राओं द्वारा अपनी कला का रचनात्मक तरीके से प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रायें गिन्नी और सारिका, द्वितीय स्थान पर बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रायें भावना और पायल तथा तृतीय स्थान पर बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रायें रूपल, कुमकुम, पिंकी और पूजा रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राध्यापिका सुश्री निधि गुप्ता ने किया।

## बाल दिवस

महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में दिनांक 14 नवम्बर 2018 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष में मनाये जाने वाले बाल दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा संकाय के सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पं0 जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व तथा बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। संचालन प्राध्यापक श्री जी0पी0 सिंह द्वारा किया गया।

## अनुकरणीय शिक्षण कार्यक्रम

शिक्षा संकाय में बी0एड0 प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के शिक्षण अभ्यास के अंतर्गत पाठ योजना द्वारा कक्षा शिक्षण की विधियों, तकनीकियों एवं कुशल संचालन के लिये अनुकरणीय शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15 नवम्बर 2018 से 30 नवम्बर 2018 तक किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्राध्यापिका सुश्री शालिनी शर्मा द्वारा किया गया।

## प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन

दिनांक 18 नवम्बर 2018 को कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की प्रयोगशाला में बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों यथा नेटवर्किंग, डाटा कम्यूनिकेशन तथा जावा आदि पर बने प्रोजेक्टस का प्रस्तुतीकरण किया गया जोकि उनके पाठ्यक्रम का ही हिस्सा थे। इस प्रस्तुतीकरण में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न तकनीकी उपकरणों जैसे कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर आदि का प्रयोग कर अपने प्रोजेक्टों का सुंदर तथा प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विभाग के प्राध्यापकों द्वारा उनके प्रोजेक्टों को देखकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। कार्यक्रम के उपरान्त विभाग द्वारा जलपान का प्रबन्ध किया गया।

## सेमीनार

दिनांक 19 नवम्बर 2018 को कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा एक सेमीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय "Java Technology" था जिसमें बी0सी0ए0 के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। सेमीनार में विभाग के प्राध्यापकों द्वारा जावा प्रोग्रामिंग भाषा के विभिन्न पहलूओं पर प्रकाश डाला गया तथा उपस्थित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। सेमीनार के उपरान्त विभाग द्वारा जलपान कराया गया।

## सेमीनार

दिनांक 20 नवम्बर 2018 को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें बी0ए0 और एम0ए0 गृहविज्ञान की छात्राओं ने भाग लिया। सेमीनार में छात्राओं ने कम्प्यूटर, अंग्रेजी, मानव विकास तथा वस्त्र निर्माण आदि विषयों पर चार्ट और ब्लैक बोर्ड की सहायता से अपने विषय का प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर प्राध्यापिका सुश्री निधि गुप्ता, श्रीमती वंदना सिंह, सुश्री दीपिका सिंह एवं सुश्री अंजली गर्ग उपस्थित रहे।

## पुरस्कार वितरण

दिनांक 30 नवम्बर 2018 को कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कम्प्यूटर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा आंतरिक परीक्षाओं के टॉपर्स विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष श्री ब्रजपाल सिंह रहे। कम्प्यूटर प्रश्नोत्तरी का प्रथम पुरस्कार बी0सी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्रों रजत शर्मा तथा द्वितीय पुरस्कार योगेश कुमार को प्रदान किया गया। आंतरिक परीक्षाओं का प्रथम पुरस्कार बी0सी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा काजल गर्ग, बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा वर्षा चौधरी तथा बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष के छात्र अमित कुमार को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह तथा श्री पीयूष मोहन रहे। कार्यक्रम के उपरान्त विभाग द्वारा जलपान कराया गया।



## व्यापक शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम

महाविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा दिनांक 01 दिसम्बर 2018 से 31 दिसम्बर 2018 तक सरस्वती विद्या मन्दिर कन्या इण्टर कॉलिज, शिकारपुर में व्यापक शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा संकाय के समस्त विद्यार्थियों ने नियमित रूप से उपस्थित होकर कक्षा शिक्षण का अभ्यास किया। प्राध्यापकों ने उनके कार्य का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा उनके व्यक्तित्व विकास हेतु विद्यालय की सभी गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। उक्त कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक श्री इन्द्रपाल सिंह रहे।

## सेमीनार

महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों हेतु दिनांक 15 दिसम्बर व 17 दिसम्बर 2018 को दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय "वस्तु एवं सेवा कर (जी0एस0टी0) रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक महोदय व प्राचार्य महोदय तथा वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने संदर्भित विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। सेमीनार का संचालन बी.कॉम तृतीय वर्ष के छात्र अमन व नाजिम ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका विभागाध्यक्ष सुश्री रूपाली तौमर रहीं। विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना



महाविद्यालय में 15 दिसम्बर 2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया गया। शिविर में महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. राजकुमार सिंह, प्रबन्धक श्री प्रमोद मित्तल, अध्यक्ष श्री अशोक मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल, प्राचार्य डा. अशोक शर्मा, कार्यालयाध्यक्ष श्री चन्द्रपाल सिंह व श्री रविन्द्र सिंह, एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।



## खेल–कूद कार्यक्रम व उपलब्धियाँ



दिनांक 18 व 19 दिसम्बर 2018 को महाविद्यालय की वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें खो–खो, बैडमिंटन, दौड, कूद, फेंक व बालीवॉल आदि खेलों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक मित्तल, प्रबन्धक श्री प्रमोद मित्तल एवं कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल के साथ प्रबन्ध समिति के अन्य सम्मानित सदस्य, समस्त प्राध्यापक व सहयोगी स्टॉफ उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग के चैपियन बी0कॉम0 द्वितीय वर्ष के छात्र शिवम शर्मा तथा महिला वर्ग की चैंपियन बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा कु0 शिल्की रहे। प्रबन्ध समिति द्वारा सभी खेलों के विजेताओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन प्राध्यापक श्री ब्रजपाल सिंह तथा श्री राहुल भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

दिनांक 26, 27, व 28 अक्टूबर 2018 को विक्टोरिया पार्क, मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न हुईं जिसमें महाविद्यालय की पुरूष व महिला वर्ग की हैमर थ्रो प्रतियोगिता में बी0कॉम0 तृतीय वर्ष के छात्र हेमन्त सिंह ने प्रथम स्थान तथा महिला वर्ग की 400 मी0 बाधा दौड़ में एम0ए0 समाजशास्त्र प्रथम वर्ष की छात्रा कु0 प्रियंका शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रबन्ध समिति द्वारा विजेताओं को नगद धनराशि व ट्रैक सूट देकर पुरस्कृत किया गया।

## गणित दिवस

दिनांक 22 दिसम्बर 2018 को महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ गणित दिवस के रूप में मनाया गया। प्राध्यापक श्री अनुज भारद्वाज द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के जीवन तथा भारतीय गणित में उनके योगदान पर विचार प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर गणित विभाग के प्राध्यापक श्री योगेन्द्र शर्मा, सुश्री साक्षी गर्ग, सुश्री साक्षी अग्रवाल तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डा0 जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

## किसान दिवस

महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में दिनांक 23 दिसम्बर 2018 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व प्रसिद्ध किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा संकाय के सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व तथा किसान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। संचालन प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी द्वारा किया गया।

## अटल बिहारी वाजपेयी जयंती / क्रिसमस

दिनांक 25 दिसम्बर 2018 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस तथा क्रिसमस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा संकाय के सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व तथा क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। संचालन प्राध्यापक डा0 संदीप कुमार द्वारा किया गया।


**"नैक मूल्यांकित"**

# श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय (पी.जी.)

(चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध)

रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर, जिला–बुलन्दशहर

Website : www.ssmvcllg.com, Email-skr.ssmvcollege5@gmail.com

Phone :- 09258321276, 09258321279, 09258321278



**मुख्य आकर्षण :–**

- मेरठ–बदायूँ राजमार्ग पर हरा–भरा प्रदूषण रहित तीन मंजिला परिसर।
- पठन–पाठन हेतु हवादार व प्रकाश युक्त व्याख्यान कक्ष।
- अद्यतन संसाधनों से युक्त प्रयोगशालायें।
- उच्च स्तरीय अध्ययन एवं शोध हेतु देशी विदेशी प्रकाशनों से युक्त आकर्षक पुस्तकालय।
- खेलकूद हेतु विशाल क्रीड़ा मैदान।
- लोक सेवा हेतु रज्जू भैया शोध संस्थान।
- बहुउद्देशीय सभागार तथा ऑडिटोरियम।
- विभिन्न वनस्पतियों, पौधों व पुष्पों से युक्त वानस्पतिक उद्यान।
- जनसेवा हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई।
- विद्यार्थियों हेतु व्यक्तित्व विकास कार्यशालायें।

**महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम :–**

- एम0एड0 (दो वर्षीय)
- बी0एड0 (दो वर्षीय)
- एम0एस–सी0 गणित
- एम0एस–सी0 रसायन विज्ञान
- एम0एस–सी0 बायोटेक्नोलॉजी
- एम0ए0 गृह विज्ञान
- एम0ए0 समाजशास्त्र
- बी0एस–सी0 गणित
- बी0एस–सी0 बायोलॉजी
- बी0एस–सी0 बायोटेक्नोलॉजी
- बी0सी0ए0
- बी0कॉम0
- बी0ए0 (केवल छात्राओं हेतु)